**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–25.10.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया समाप्त, 28 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की होगी जांच।**
2. **पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरायकेला, आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो सिल्ली और झामुमो नेता योगेन्द्र मेहतो समेत कई दिग्गजों ने किये नामांकन।**
3. **छतरपुर, विश्रामपुर और धनवार सीट पर इंडी गठबंधन के घटक दलों में कांग्रेस, राजद, माले और झामुमो के बीच दोस्ताना संघर्ष।**
4. **13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता पर्ची का वितरण कल से होगा शुरु, पांच नवंबर तक घर–घर पहुंचाया जायेगा वोटर स्लीप।**
5. **ओडिसा और पश्चिम बंगाल के तट से टकराने के बाद चक्रवात दाना पड़ा कमजोर, झारखंड में प्रभाव हुआ कम, कोल्हान क्षेत्र में रुक–रुक कर बारिश जारी।**
6.

****************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने का काम आज समाप्त हो गया। इस चरण में 13 नवंबर को 43 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को की जाएगी और 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।

****************

पहले चरण के नामांकन के आखिरी दिन आज भाजपा की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सरायकेला से, बिरंची नारायण बोकारो से और लोबिन हेम्ब्रम ने बोरियो सीट से नामांकन दाखिल किया। ऑल झारखण्ड स्टूडेन्ट्स यूनियन–आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने सिल्ली विधानसभा सीट से नामजदगी का परचा दाखिल किया। गोमिया से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी के रूप में योगेन्द्र प्रसाद महतो ने नामांकन दाखिल किया। इनके अलावा विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों के साथ ही कई निर्दलीयों ने भी अपने नामांकन दाखिल किये।

****************

नामांकन दाखिल करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जोर देकर कहा कि राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ हुआ है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान भाजपा ही कर सकती है।

****************

इस बीच भाजपा ने कांग्रेस पर चुनाव का टिकट बेचने का आरोप लगाया है। पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने आज आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी हर चुनाव में 20 प्रतिशत सीट प्रत्याशियों से पैसे लेकर देती है।

****************

इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद राज्य के मंत्री आलमगीर आलम की पत्नी को कांग्रेस द्वारा टिकट दिये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कांग्रेस पर वंशवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।

****************

इस बीच कांग्रेस ने दावा किया है कि संताल परगना की सभी 18 सीटों पर इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत होगी। पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के वरिष्ठ नेता और मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा को बाहरी उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारना भारी पड़ेगा।

********************

इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भी दावा किया है झारखंड में फिर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनेगी। उन्होंने राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ होने के भाजपा के आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

********************

इस बीच इंडी गठबंधन के घटक दलों में तीन सीटों पर दोस्ताना संघर्ष की स्थिति बन गयी है। छतरपुर और विश्रामपुर सीट से कांग्रेस और राजद दोनों ने अपने उम्मीदवार उतार दिये हैं। दोनों सीटों पर दोनों पार्टियों के प्रत्याशियों ने अपने–अपने नामांकन भी दाखिल कर दिये हैं। विश्रामपुर में कांग्रेस के सुधीर कुमार चन्द्रवंशी और राजद के नरेश सिंह आमने–सामने हैं जबकि छतरपुर से कांग्रेस की ओर से पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर और राजद की ओर से विजय कुमार राम को प्रत्याशी बनाया गया है। उधर, धनवार सीट से माले के बाद झामुमो ने भी अपना उम्मीदवार उतारा है।

********************

इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा आज लुइस मरांडी को जामा विधानसभा क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया। महासचिव विनोद पांडेय ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। लुइस मरांडी ने हाल ही में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की थी।

********************

झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में बीजेपी के 40 दिग्गजों के नाम हैं। लिस्ट में सबसे पहला नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। सूची में दूसरे और तीसरे स्थान पर जेपी नड्डा और राजनाथ सिंह के नाम हैं।

********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 16 प्राथमिकी दर्ज की गयीं हैं। श्री कुमार ने बताया कि झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 51 करोड़ 17 लाख से अधिक के अवैध सामान और नकद जब्त किये गये हैं। श्री कुमार ने बताया कि कल से मतदाता सूचना पर्ची हर मतदाता तक पहुंचाने का कार्य शुरू होगा। 5 नवंबर तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

********************

झारखंड के कोल्हान और आसपास के इलाकों को छोड़कर राज्य पर चक्रवात दाना का प्रभाव कम हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के किसी भी हिस्से से बड़ी तबाही की खबर नहीं है। हालांकि रांची के अलावा पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला में रुक–रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि चक्रवाती तूफान दाना आज देर शाम कमजोर होकर गहरे दबाव में तब्दील हो जाएगा।

**********समाप्त**********